Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-169 | सागवाड़ा, मंगलवार,22 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## एसीबी के हत्थे चढ़े डूंगरपुर पशुपालन विभाग के घुसखोर

### - 3 बड़े अधिकारी, 1 लाख 60 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार
### - गोट यूनिट की सप्लाई बिल के कमिशन के रूप में मांगी थी रिश्वत

**डूंगरपुर।** उदयपुर एसीबी की टीम ने डूंगरपुर जिले में ट्रेप की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसीबी की टीम ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ उपेन्द्र सिंह महलावत सहित 3 बड़े अधिकारियो को एक लाख 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। तीनो ने रिश्वत की राशि गोट यूनिट की सप्लाई बिल के कमिशन के रूप में मांगी थी। इस पूरी कार्रवाई को उदयपुर एसीबी के डिप्टी हेरम्ब जोशी व उनकी टीम ने अंजाम दिया है। उदयपुर एसीबी के डिप्टी हेरम्ब जोशी ने बताया की डूंगरपुर शहर की शास्त्री कॉलोनी निवासी मेसर्स वागड़ गोट एंड पोल्टी फार्म पादरडी के मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक रावल ने कल एसीबी में शिकायत की थी। शिकायत में परिवादी मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक रावल ने बताया की डूंगरपुर पशुपालन विभाग की ओर से 11 फ़रवरी 2022 को 59 गोट यूनिट जिसमे एक यूनिट में 5 बकरी व एक बकरा शामिल है उसकी सप्लाई का आदेश मिला था। जिस पर प्रति यूनिट 52 हजार रुपए तय हुआ था। पशुपालन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार मेसर्स वागड़ गोट एंड पोल्टी फार्म पादरडी ने 59 यूनिट में से 20 यूनिट की सप्लाई कर दी थी। इधर सप्लाई के बाद 21 फ़रवरी 2022 को विभाग ने करीब 10 लाख का भुगतान फर्म को कर दिया था। इधर पशुपालन विभाग के अधिकारियो की ओर से प्रति यूनिट 8 हजार मतलब 20 यूनिट के लिए एक लाख 60 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड की गई थी। परिवादी की शिकायत के बाद शिकायत की पुष्टि की गई। इधर शिकायत की पुष्टि के बाद उदयपुर एसीबी ने आज ट्रेप का जाल बिछाया। वही उदयपुर एसीबी की टीम ने पहले पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जावेद खान को उनके घर पर एक लाख 60 हजार की रिश्वत की राशी लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वही इस दौरान आरोपी डॉ जावेद खान ने उक्त रिश्वत की राशी पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ उपेन्द्र सिंह महलावत के कहने पर लेना बताया जिस पर एसीबी ने फोन पर डॉ जावेद खान की संयुक्त निदेशक डॉ उपेन्द्र सिंह महलावत से बात कर इसकी पुष्टि करवाई। वही राशि लेकर परिवादी व आरोपी डॉ जावेद खान को डूंगरपुर पशुपालन विभाग के ऑफिस लेकर भेजा जहा पर उक्त राशि को पशुधन सहायक अनिल भगोरा के हाथो लेने पर संयुक्त निदेशक डॉ उपेन्द्र सिंह महलावत को भी गिरफ्तार किया। इस तरह एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ उपेन्द्र सिंह महलावत, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जावेद खान और पशुधन सहायक को गिरफ्तार किया। इधर डिप्टी हेरम्ब जोशी के नेतृत्व में कार्रवाई जारी है।

## विप्र फाउंडेशन चौरासी कार्यकारिणी का विस्तार

**सीमलवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन चौरासी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मीकांत जोशी ने चौरासी कार्यकारिणी की सूची जारी करते हुए बताया कि संरक्षक किशोर डी पंड्या धंबोला, हंसमुख पंड्या सीमलवाड़ा, नंदकिशोर जी भट्ट धंबोला, हंसमुख भट्ट धंबोला, अशोक त्रिवेदी सीमलवाड़ा, कीर्ति पंड्या सीमलवाड़ा, अध्यक्ष जयेश पंड्या धंबोला, उपाध्यक्ष विरांग पंड्या, परेश उपाध्याय सीमलवाड़ा, जयेश रमण लाल, उदय पंड्या एवं महामंत्री विपिन आर पंड्या, राकेश आर पंड्या, राहुल पंड्या उर्फ रॉकी सीमलवाड़ा , सह मंत्री धर्मेंद्र पंड्या उर्फ रानू, विपुल पंड्या उर्फ कवि विद्रोही, संगठन मंत्री सुनील भट्ट, सचिव आशीष पंड्या, भाविन पंड्या, कौशल उर्फ विक्की पंड्या, कोषाध्यक्ष गिरिराज भट्ट को मनोनित किया है।

## औद्योगिक क्षेत्र के पास 4 दिन पूर्व संदिग्ध अवस्था में मिले शव के मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज

**सागवाड़ा।** बांसवाड़ा रोड पर औद्योगिक क्षेत्र के पास 4 दिन पूर्व संदिग्ध अवस्था में मिले शव के मामले में मंगलवार को नया मोड़ सामने आया। इस मामले में अब हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पाडी फला जेठाना निवासी गवरा पुत्र राजेंग मसार मीणा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई राजु पुत्र राजेग मसार जाति मीणा शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घर से काम पर जाने के लिए घर से निकला था। दोपहर करीब 3 बजे उसे सूचना मिली हुई कि सागवाड़ा जेठाणा मार्ग पर होटल नवरत्न के सामने उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। उसके सिर पर चोटे थी। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पुलिस ने जांच प्रारंभ की। दौराने जांच मृतक राजु (27) के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया था।

सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर एमओ ने मौत का कारण मृतक के सिर में आयी दोनों चोटों से मौत होना अंकित किया। प्रार्थी गवरा के अनुसार चोकी फला जेठाना निवासी लक्ष्मण उर्फ लसु पुत्र नाना मीणा द्वारा घटनास्थल के पास ही मृतक के साथ मारपीट करना जिसको गांव के गटु पाटीदार द्वारा छुड़ाना बताया है। लक्ष्मण उर्फ लसु के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच सीआई सुरेन्द्र सोलंकी ने शुरू की है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद की जिला कार्यकारिणी घोषित, प्रदीप जोशी बने सागवाड़ा ब्लॉक के संरक्षक

सागवाड़ा। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.) संस्था के डूंगरपुर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। डूंगरपुर जिला अध्यक्ष नरेश जोशी, महिला जिला अध्यक्ष शीतल भट्ट, जिला संयोजक महेश चन्द्र त्रिवेदी व ब्लाक अध्यक्ष खेरवाडा पियुष भट्ट की अनुशंसा पर डूंगरपुर जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला संरक्षक शांतिलाल व्यास, जिला संरक्षक प्रकाश शर्मा, संरक्षक ब्लॉक खेरवाड़ा सुरेश व्यास, जिला उपाध्यक्ष मनोज औदिच्य, संरक्षक ब्लाक सागवाड़ा प्रदीप जोशी, संरक्षक ब्लाक खेरवाडा (महिला) जयमाला पानेरी, ब्लाक अध्यक्ष बिछीवाड़ा नरेश जोशी, ब्लाक अध्यक्ष खेरवाडा (महिला) इंद्रा उपाध्या, ब्लाक अध्यक्ष सागवाडा (महिला) अंनिता पंडया, और ब्लाक अध्यक्ष बिछीवाडा (महिला) भाविका पंडया को बनाया गया।

## क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीमलवाड़ा।**

सीमलवाड़ा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी हनुमान राम चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। आदिवासी परिवार समेत अन्य वर्गों के लोगों ने मुख्यमंत्री , जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के नाम सीमलवाड़ा उपखंड अधिकारी हनुमान राम चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि क्षेत्र में कई अवैध तरीके से दारू की दुकानें संचालित हो रही है, जिससे युवा इस नशे की लत में आकर अपने आप को बर्बाद कर रहा है, वहीं कई परिवार उजड़ चुके हैं। आए दिन शराबियों की वजह से लड़ाई झगड़ा, उत्पात भी हो रहे हैं ।

वही होली का त्यौहार नजदीक है ऐसे में अवैध शराब की दुकानों को बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय कमलेश डेंडोर, शांतिलाल रोत, गणेश लाल अहारी, रूपेंद्र, मनोज पारगी समेत मौजूद रहे।

## मांडवी चौक स्थित सब्जी मंडी हुई आबाद, सब्जी विक्रेताओं को मिला स्थान

### 30 से अधिक ठेलेवालों को सब्जमंडी में किया शिफ्ट

**सागवाड़ा।** नगर पालिका की ओर से अंदरूनी शहर स्थिति मांडवी चौक पर जीर्णशीर्ण हो रही सब्जी मंडी और टाउनहॉल को नई पहचान दी गई। अब यहां सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट किया गया है। नगर पालिका की टीम ने सड़क पर सब्जी बेचने वालों को यहां शिफ्ट कर दिया है। मंगलवार को नगर पालिका टीम पंकज शर्मा, हेमंत जोशी, जगदीश सेवक,धवल सुथार, संजय हरिजन ने सड़क पर सब्जी बेचने वालों को सब्जी मड़ी में शिफ्ट कराया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया भी वहां पहुंचे और नई व्यवस्था को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। सफाई शाखा प्रभारी अक्षय सेवक, सफाई जमादार, सफाईकर्मी को रोजना यहां साफ सफाई के निर्देश दिये। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि सब्जी विक्रेताओं को नईवाव स्थित सब्जीमंडी में



स्थायी रूप से बिठाया गया है। इससे बोहरवाड़ी नुक्कड व खैरादीवाड़ा में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है और सड़के पूरी तरह चौड़ी हो गई है। अंदरूनी शहर में सड़क पर सब्जी विक्रेता सड़क पर ही ठेला लगा देते थे। इससे यहां यातायात प्रभावित रहता था। इसका समाधान कर दिया गया है। अतिक्रमण शाखा को भी निर्देश दिये है कि यहां भविष्य में कोई भी सब्जी विक्रेता सड़क पर ठेला नही लगाए। इसमें यातायात पुलिस से भी सहयोग मांगा गया है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने सड़क पर ठेला लगा कर सब्जी बेचने पर सामान जब्त करने के निर्देश दिये है। मोहिल ने बताया कि सड़क पर अवरोध करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। हाल ही में मांडवी चौक स्थित सब्जी मंडी का नवीनीकरण के कार्य का लोकार्पण किया गया था। 10 लाख रुपये खर्च कर जर्जर हो रही सब्जी मंडी को नया स्वरूप दिया गया है। यहा टीन शेड और इंटरलॉकिंग का कार्य कर इसके स्वरूप को निखारा गया है।

## डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग, एसपी सुधीर जोशी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**सीमलवाड़ा।** सरपंच संघ जिलाध्यक्ष लीलाराम वरहात के नेतृत्व में सरपंचों ने जिला क्षेत्र में कानून एवं शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्काल प्रभाव से डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग एसपी सुधीर जोशी से की है। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जिले के समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरपंच संघ ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि क्षेत्र में युवाओं में डीजे साउंड के प्रति क्रेज बढ़ रहा है , ऐसे में वह उनका शिक्षण कार्य के प्रति रुझान कम होता जा रहा है। साथ ही असमाजिक कार्यों में रुचि बढ़ रही है।

## बिजली निगम की टीम के साथ गलत बर्ताव करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** पीठ कस्बे में विद्युत बिल राशि बकाया होने पर वसूलने गई विद्युत टीम पर गलत बर्ताव करने के आरोप में धंबोला पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया है। धंबोला सीआई भैया लाल आंजना ने बताया कि पीठ निवासी पंकज पुत्र कीर्तन लबाना एवं निलेश पुत्र कीर्तन लबाना को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनों को पाबंद कर रिहा किया गया है । उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम को विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियंता अरविंद रोत ने राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज कराया था।

## राजस्थान एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कर्मचारी संघ ने नियमित करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

### जिला कलेक्टर को दिया सीएम के नाम ज्ञापन

**डूंगरपुर।** जिले के एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कर्मचारी संघ ने प्रबंधकीय संविदा कार्मिको को नियमित करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वही जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपकर मांग को पूरा करने की मांग की है। एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी के नेतृत्व में जिले के एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कार्मिक आज कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान प्रबंधकीय संविदा कार्मिको ने वर्ष 2012-13 में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार द्वारा की गई घोषणा को याद दिलाते हुए एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कार्मिको को नियमित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर डूंगरपुर एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने कहा की वर्ष 2012-13 में कांग्रेस की सरकार थी और कांग्रेस सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले एनआरएचएम के अंतर्गत 2008 से विभिन्न पदों पर कार्यरत संविदा कार्मिको को नियमित किये जाने के उद्देश्य से विभिन श्रेणी के 21 हजार पदों का सृजन किये जाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के तहत सरकार ने एनआरएचएम के अंतर्गत एएनएम, जीएनएम व आयुष पदों पर नियमित नियुक्ति प्रदान कर दी थी। लेकिन प्रबंधकीय पदों के लिए जारी 9407 पदों की भर्ती 2013 में निरस्त कर दिया था।

वही आज तक सरकार की ओर से उक्त पदों के लिए आज तक भर्ती नहीं की गई है। ऐसे में डूंगरपुर एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कर्मचारी संघ ने कांग्रेस सरकार को पूर्व समय में की गई घोषणा को याद दिलाते हुए प्रबंधकीय पदों पर भर्ती निकालते हुए राहत देने की मांग की है।

इधर प्रदर्शन के बाद एनआरएचएम प्रबंधकीय संविदा कार्मिक संघ ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

## नाकाबंदी में पकड़े ट्रक से डेढ़ लाख रुपए की अवैध शराब बरामद

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस की रतनपुर पुलिस चौकी ने नाकाबंदी में पकड़े ट्रक से डेढ़ लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की हैं। कचरे के बोरों की आड़ में शराब छिपाकर गुजरात तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया की आज मंगलवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली की एक ट्रक से अवैध शराब की गुजरात तस्करी हो रही हैं। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर बिछीवाडा थानाधिकारी के साथ कांस्टेबल लोकेंद्रसिंह, जितेंद्र कुमार, कुणाल, वसीम ने राजस्थान - गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी शुरू की ।

इस दौरान मुखबिर के बताएं अनुसार उदयपुर की ओर से एक ट्रक आते हुए नजर आया। ट्रक को रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो कागज व प्लास्टिक का कचरा भरा होना बताया। पुलिस को संदेह होने पर ट्रक को खोलकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कचरे के बोरों के नीचे शराब के कार्टन छुपाकर रखे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और रतनपुर पुलिस चौकी पर रखवाया।

इधर पुलिस ने ट्रक से शराब के कार्टनो को उतारकर गिनती की तो 55 कार्टून राजस्थान निर्मित शराब के बरामद किए। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ट्रक चालक कमलेश पुत्र राजमल गुर्जर निवासी बुकाड़िया मांडल जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया हैं। जब्त शराब की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। इधर पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है।

फिलहाल प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ट्रक चालक ने पुलिस को बताया की उसने शराब से भरा ट्रक मांडल भीलवाड़ा से भरकर गुजरात के अंकलेश्वर लेकर जा रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है।

## मेगा लोक अदालत 12 मार्च को, आपसी राजीनामे से डेढ़ हजार से ज्यादा मामलों में होगी सुनवाई

**डूंगरपुर।** मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत का 12 मार्च को आयोजन किया जाएगा। मेगा लोक अदालत में आपसी राजीनामे से डेढ़ हजार से ज्यादा मामलों में सुनवाई होगी और उनका निबटारा किया जाएगा। डूंगरपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायाधीश अमित ने कहा कि इस साल का पहला मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर 12 मार्च को होगा। डूंगरपुर जिले में मेगा लोक अदालत के लिए 14 बैंच में दोनों पक्षों की सुनवाई होगी। इसमें मोटर वाहन दुर्घटना, घरेलू विवाद, चैक अनादरण समेत कई तरह के मामलों को सुनवाई के लिए रखा जाएगा। डेढ़ हजार से ज्यादा केस को अब तक चिन्हित कर लिया हैं और शिविर होने तक केस की संख्या बढ़ सकती है। कैंप में दोनों पक्षों से समझाइश करते हुए आपसी राजीनामे से फैसला किया जाएगा। पहली बार मेगा लोक अदालत में रेवेन्यू के केस भी रखे जाएंगे।

## झोथरी व आसपुर में महाविद्यालय खोलने की मांग

**डूंगरपुर।** बजट 22-23 में डूंगरपुर जिले की विभिन्न मांगों को जोड़ने के लिए पूर्व में भी कई प्रस्ताव पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा द्वारा भेजे गए है ओर मंगलवार को विधानसभा आसपुर व चौरासी की पंचायत समिति झोथरी में महाविद्यालय खोलने का पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

## पैरो से चल-फीर नहीं सकता 21 साल का वैभव, आधार कार्ड बनाने अधिकारियों के साथ घर पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष

### पार्षद के आग्रह पर पालिकाध्यक्ष खोडनिया तहसीलदार के साथ पहुंचे वैभव के घर

**सागवाड़ा।** पैरो से चलने फिरने में दिक्कत के कारण 21 साल के वैभव का आधार कार्ड नहीं बना। सरकार के फायदे नही मिले। नगर पालिका अध्यक्ष को यह खबर मिली तो अधिकारियों के साथ घर पहुंच गए और हाथो हाथ आधार कार्ड बनाकर दिया।

सागवाड़ा के वार्ड 16, डेंडोरवाड़ा निवासी वैभव पुत्र चंद्रकांत सोनी (21) जन्म से दिव्यांग है। पैरो से चल फिर नहीं सकता है। इस वजह से उसके आधार कार्ड केंद्र तक भी नही जा सका और आधार कार्ड नहीं बना। वैभव के पिता ने बेटे की इस समस्या के बारे में सागवाड़ा नगर पालिका के वार्ड पार्षद 20 की पार्षद दक्षा सोनी को दी। पार्षद ने पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया से बताया। खोड़निया ने तहसीलदार मयूर



शर्मा के साथ बात की। इसके बाद पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, तहसीलदार अपनी टीम के साथ वैभव सोनी के घर पहुंचे। वैभव की हालत देखकर उसके बारे में जानकारी ली। हाथों-हाथ वैभव के फिंगर प्रिंट लेकर उसका आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद परिवार ने राहत की सास ली।

पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया शहर में इस तरह के विकलांग लोगों की जानकारी प्रशासन शहरों के संग शिविर में आई थी। पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि विकलांग लोगों के आधार कार्ड बनाने में कई तरह की तकनीक समस्याएं आ रही है। इस पर अधिकारियों की टीम के साथ उनके घर जाकर आधार कार्ड बनाने के प्रयास किये जा रहे है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि तकनीक परेशानियों को देखते हुए ऐसे दिव्यांग लोगों को चिन्हित कर पालिका में लाया जाएगा। उसी दिन सभी अधिकारी भी वहा मौजूद रहेंगे। सारी व्यवस्थाओं के साथ आधारकार्ड बनाने की कार्रवाई की जाएगी।